भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1350
उत्तर देने की तारीख: 10-02-2020

शिक्षा निधि

† 1350. डॉ॰ लोरहो फोज़ः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पहचान किए गए उन शिक्षा क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है, जिनके लिए विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है;
(ख) क्या निधियों का अनुकूलतम उपयोग समय की आवश्यकता है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) : सरकार समाज के सभी वर्गों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। तदनुसार, सरकार द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर और तकनीकी शिक्षा के सभी उप-क्षेत्रों में विभिन्न पहल और योजनाएं कार्यान्वित की जाती है। सामाजिक-आर्थिक और भौगोलिक विषमताओं को कम करना सुनिश्चित करने के लिए विशेष उपाय भी किए जा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य छात्रों को सशक्त बनाने के लिए शिक्षण और सीखने की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करना और साथ ही वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए संस्थागत उत्कृष्टता प्राप्त करना भी है।

(ख) और (ग): निधियों का आवंटन पहुंच, समानता, गुणवत्ता और वहनीयता के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उचित रूप से किया जाता है। इच्छित परिणामों को प्राप्त करने के लिए इस आवंटित निधि का इष्टतम उपयोग करने के लिए सरकार द्वारा सभी ठोस प्रयास किए जाते हैं।

*****